राज्यपाल सचिवालय,
राजभवन, जयपुर

कोरोना वायरस से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

खुद को बचाएं, देश को बचाएं

प्रधानमंत्री के संकल्पों और जनता कर्फ्यू का समर्थन करता हूँ

—राज्यपाल

जयपुर, 20 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कोरोना वायरस से बचाव के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आव्हान किये गये संकल्पों और जनता कर्फ्यू का समर्थन किया है।

श्री मिश्र ने जनता से अपील की है कि 22 मार्च रविवार को जनता कर्फ्यू में अपने घरों से बाहर न निकल कर देश को इस संकट से उबारने में लोग सक्रिय भागीदारी निभायें। उन्होंने कहा कि '' स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा किये गये अतुलनीय कार्य की मैं सराहना करता हूँ तथा आप सभी का आव्हान करता हूँ कि सभी प्रदेशवासी उनका अपने तरीके से 22 तारीख को सायं पांच बजे घर के दरवाजे पर खड़े होकर ताली बजाकर या थाली बजाकर स्वास्थ्यकर्मियों का हौसला अफजाई करें। ''

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों के नाम जारी संदेश में कहा है कि '' प्रत्येक प्रदेशवासी का सजग रहना, सतर्क रहना बहुत आवश्यक है। राजभवन और राज्य सरकार कोरोना के फैलाव के ट्रैक रिकॉर्ड पर पूरी तरह नजर रखे हुए है। इस तरह की वैश्विक महामारी में एक ही मंत्र काम करता है — हम स्वस्थ तो जग स्वस्थ। '' उन्होंने कहा कि '' ऐसी स्थिति में जब इस बीमारी की कोई दवा नहीं है, तो हमारा खुद का स्वस्थ बने रहना बहुत आवश्यक है। इस बीमारी से बचने और खुद के स्वस्थ बने रहने के लिए हमें भीड से बचना है। घर से बाहर निकलने से बचना है। ''

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि '' माननीय प्रधानमंत्री जी ने 19 मार्च को राष्ट्र को संबोधित किया। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों पर हमें चलना है और इस महामारी को मात देना है। प्रधानमंत्री जी ने कोरोना वायरस के मद्देनजर कतिपय संकल्प किये जाने का आव्हान किया है। इन संकल्पों का हमें पालन करना है ताकि इस महामारी को हम मात दे सके। प्रधानमंत्री जी द्वारा सुझाये गये संकल्पों का मैं स्वागत करता हूँ। ''

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि '' प्रधानमंत्री जी ने पूरे देश को कोरोना को मात देने के लिए आव्हान किया है। इसके लिए हमें क्या करना है, क्या नहीं करना है। यह सब उन्होंने बताया है, जिनका हमें पालन करना है। इस महामारी को मात देने के लिए प्रधानमंत्री जी के निर्देशों को चौदह बिन्दुओं में हम आपके समक्ष रख रहें हैं। '' 1. बाईस मार्च रविवार को सुबह 7 से रात्रि 9 बजे तक जनता कर्फ्यू 2. लोग भीड़—भाड से दूर रहें, वरिष्ठ नागरिक घर से बाहर ना निकले 3. दैनिक उपयोग के सामान का संग्रहण ना करें 4. बहुत जरूरी हो तो ही अस्पताल जाए 5. व्यापारी अपने कर्मचारियों का वेतन न काटे 6. अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करें 7. अफवाहों से बचें 8. खुद को बचाएं, देश को बचाएं। ''

राज्यपाल ने कहा कि 9. हमारा स्वस्थ रहना पहली प्राथमिकता है 10. आने वाले कुछ समय तक जब तक बहुत जरूरी न हो तब तक अपने घरों से बाहर न निकलें 11. जितना संभव हो सकें आप अपना काम चाहे बिजनेस से जुडा हो या ऑफिस से जुड़ा हो, अपने घर से ही करें 12. जो सरकारी सेवाओं में है, अस्पताल से जुड़े है, जन–प्रतिनिधि हैं, जो मीडियाकर्मी हैं, इनकी सक्रियता तो आवश्यक है ही, लेकिन समाज के अन्य सभी लोगों को खुद को समाज से आइसोलेट कर लेना चाहिए 13. वैश्विक महामारी का मुकाबला करने के लिए संकल्प और संयम की जरूरत है। 14. हमें स्वयं संक्रमित होने से बचना है और दूसरों को भी संक्रमित होने से बचाना है। "

श्री मिश्र ने कहा है कि पूरा विश्व इस समय कोरोना वायरस के कारण संकट के बहुत गंभीर दौर से गुजर रहा है। आम तौर पर जब भी कोई प्राकृतिक संकट आता है तो वो कुछ देशों अथवा राज्यों तक ही सीमित रहता है, लेकिन इस बार इस संकट ने विश्व भर में पूरी मानवजाति को संकट में डाल दिया है। पिछले दो महीने से हम निरंतर कोरोना वायरस से जुड़ी चिंताजनक खबरें देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। सभी लोगों को एक जुट होकर कोरोना को मात देनी है।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, जनसम्पर्क,
राज्यपाल, राजस्थान